मांग कर देख लो। By Kumar Shanu

मांग कर देख लो मन में जो ख़ास है
ऐसा क्या जो नहीं श्याम के पास है

तेरी मोहब्बत में दम है गर सच्चा है प्यार तेरा
सच मानो ये खुशियों से भर देंगे भण्डार तेरा
नहीं असंभव कुछ भी है यहाँ तेरा मन है कहाँ
मितला उनको यहाँ चरणों के जो पास है
ऐसा क्या जो नहीं श्याम के पास है

जीवन के राहें कठिन ये आसान बना देंगे
दे आँखों के तू आंसू ये मुस्कान बना देंगे
ये यारों के सच्चे यार हैं दिलदार हैं
उनको मिलता यहाँ चरणों के जो पास है
ऐसा क्या जो नहीं श्याम के पास है

इनकी ज़मी इनका गगन इनका दिल इनकी धड़कन
तारें सितारे इनके है अग्नि जल और ठंडी पवन
चाँद और सूरज जीवन और मरण ये तन मन धन
मुझमे जो चल रही इनकी हर सांस है
ऐसा क्या जो नहीं श्याम के पास है

ये करुणा के सागर है हम सागर के हैं मोती
मिट जाता है अँधियारा जब जलती इनकी ज्योति
मांग बेधड़क झोली फैलाकर खाटू जाकर
जिसने पाया यहाँ उनको विश्वास है
ऐसा क्या जो नहीं श्याम के पास है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-by-kumar-shanu/